# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

### महत्वपूर्ण सूचना

**बिहार तकनीकी सेवा आयोग से अनुशंसित एवं आवंटित अभ्यर्थियों को कनीय अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) के पद पर नियुक्ति के संबंध में।**

विज्ञापन सं0–01/2019 अन्तर्गत बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को कनीय अभियंता (असैनिक) के 445 अभ्यर्थियों एवं कनीय अभियंता (यांत्रिक) के 33 अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों/वांछित कागजातों के सत्यापन के लिए दिनांक–15.01.2025 से 17.01.2025 तक तिथि निर्धारित की गयी थी। निर्धारित तिथि में कतिपय अनुशंसित अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

एतद् द्वारा सभी अनुपस्थित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य संगत प्रमाण पत्रों/अभिलेखों का सत्यापन (Certificate Verification/Counselling) के लिए पुनः दिनांक–27.01.2025 को पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (मुख्यालय), विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना (मीटिंग हॉल) में सत्यापन कार्यक्रम निर्धारित है, जिसकी विस्तृत सूचना विभागीय वेबसाईट https://state.bihar. gov.in/phed पर देखी जा सकती है।

अतः लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अन्तर्गत कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर अनुशंसित एवं सत्यापन कार्यक्रम में अनुपस्थित अभ्यर्थी, उक्त निर्धारित तिथि को ससमय वांछित प्रमाण पत्रों/अभिलेखों के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि को अनुपस्थित रहने पर, किसी भी प्रतिकूल आदेश के लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

(नित्यानन्द प्रसाद)
संयुक्त सचिव (प्र0को0)